DIET KANNUR
Kannur Jila Panchayath
SSLC Mukulam Model Examination Jan. 2020
Third Language – Hindi

Maximum Score: 40 **Time: 90 Minutes**

निर्देश: *पहला 15 मिनट कूल ऑफ़ टाईम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।*
वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचनाः 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अभी इस ठाकुर ने तो उस दिन बेचारे गड़रिए की भेड़ चुरा ली थी और बाद में मारकर खा गया। इन्हीं पंडित के घर में तो बारहों मास जुआ होता है। यही साहू जी तो घी में तेल मिलाकर बेचते हैं।

1. ठाकुर ने किसकी भेड़ चुरा ली थी? 1

   क) जोखू की ख) गड़रिए की ग) साहू की घ) महंगू की

2. उच्च जातिवालों के विरुद्ध गंगी के मन की भावना से आप कहाँ तक सहमत हैं? क्यों? 2

3. 'मानव जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है' – जातीय असमानता के विरुद्ध संदेश देनेवाला एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

सूचनाः 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें और 4 से 7 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

उफ!! "ऐसा मत करो", "ऐसे पट–पट मत बोलो", "ऐसे धम–धम मत चलो" एक दिन उसने पूछ ही लिया "क्यों"?

4. गुठली ने किससे पूछ लिया? 1

   क) दीदी से ख) भैया से ग) माँ से घ) बुआ से

5. 'उसने' में प्रयुक्त सर्वनाम कौन–सा है? 1

   क) मैं ख) हम ग) वह घ) कौन

6. लड़के–लड़कियों में भेदभाव दिखाने के संबंध में आपका विचार क्या है? 2

7. बुआ की बातों से गुठली वहुत दुखी हो जाती है। वह अपना दुख सहेली से बाँटना चाहती है। सहेली के नाम गुठली का **पत्र** तैयार करें। 4

अथवा

गुठली की चरित्रगत विशेषताओं पर एक **टिप्पणी** लिखें।

सूचनाः'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता का अंश पढ़ें और 8 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

क्या सारे मैदान, सारे बगीचे और घरों के आँगन
खत्म हो गए हैं एकाएक
तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में?

8. मैदान, बगीचे, आँगन आदि किससे संबंधित मान सकते हैं? 1

क) भोजन ख) खेल ग) काम घ) पढ़ाई

9. यहाँ कवि किस बात पर अपना दुख प्रकट कर रहे हैं? क्यों? 2

10. कवि का परिचय देते हुए 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' **कविता का आशय** लिखें। 4

सूचनाः 'आई एम कलाम के बहाने' फिल्मी लेख का अंश पढ़ें और 11 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गाँव के स्कूल में मेरा एक साथी था– मोरपाल। ... नाम का पहला अक्षर मिलने की वजह से क्लास की दरीपट्टी पर हमारी बैठने की जगहें भी साथ ही थीं। वही मोरपाल जिसकी मेरे खाने के डिब्बे में राजमा देखते ही बाँछें खिल जाती थीं।

11. नमूने के अनुसार वाक्य की पूर्ति करें। 1

छात्र कक्षा में बैठेंगे। लड़का कक्षा में बैठेगा। तुम कक्षा में ....।

12. खेल घंटी में मिहिर और मोरपाल के बीच का सौदा क्या था? क्यों? 2

13. इस प्रसंग पर मोरपाल और मिहिर के बीच के **वार्तालाप** को आगे बढ़ाएँ।(चार विनिमय हों) 4

मिहिरः घंटी बज गई। चलो हम कुछ खाएँ।

मोरपालः ठीक है।

....

....

अथवा

सही मिलान करें।

मोरपाल शादी में भी	पसंद नहीं करता था।
लेखक स्कूल छुट्टी होने पर	यूनिफार्म पहनकर जाता था।
मोरपाल माँ–बाप के साथ	घर पर नाचा करता था।
लेखक राजमा–चावल खाना	खेती का काम करता था।

सूचनाः 'दिशाहीन दिशा' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़कर प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।

मैं नाव में लेटा उसकी तरफ़ देख रहा था। उस सर्दी में भी वह सिर्फ एक तहमद लगाए था। गले में बनियान तक नहीं था। उसकी दाढ़ी के ही नहीं छाती के भी बाल सफ़ेद हो चुके थे।

14. यहाँ किसके बारे में बताया गया है? 1

क) मल्लाह   ख) लेखक   ग) अविनाश   घ) ग़ालिब?

15. गले में बनियान तक नहीं था। इससे आप क्या समझते हैं? 2

सूचनााः 'बीरबहूटी' कहानी का अंश पढ़कर 16 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

कोई उसे होए होए होए सफ़ेद पट्टी कह रहा था तो कोई सुल्ताना डाकू तो कोई कुछ और कहकर चिढ़ा रहा था।

16. यहाँ किसको चिढ़ाने के बारे में बताया गया है? 1

17. वाक्य की पूर्ति करें। 1

बच्चे चिढ़ाने लगे। बच्चियाँ ....।

18. कोष्ठक में दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें। 2

(बेला के, सिर पर)

पट्टी बँधी थी।

सफ़ेद पट्टी बँधी थी।

....................................।

....।

सूचनाः 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का अंश पढ़कर प्रश्न 19 का उत्तर लिखें।

माँ और मैनेजर में बहस होते देख वह वहाँ गया। मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था और वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा।

19. इस प्रसंग पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें। 4